# 2026

## HINDI — MINOR

### Paper : MN-3

### [Aadhunik Hindi Kavita-(Chhayavadottar)]

### Full Marks : 75

*The figures in the margin indicate full marks.*

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

### [आधुनिक हिंदी कविता (छायावादोत्तर)]

1. निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं ***तीन*** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) आकर ट्राम के अंदर पिछले डिब्बे में
बैठ गए हैं इधर-उधर तुमसे सटकर
आपस में उनकी बतकही
सच-सच बतलाओ
नागवार तो नहीं लगती है?
जी तो नहीं कुढ़ता है?
घिन तो नहीं आती है?

(ख) हरी बिछली घास।
दोलती कलगी छरहरी बाजरे की।
अगर मैं तुमको ललाती साँझ के नभ की अकेली तारिका
अब नहीं कहता।
या शरद के भोर की नीहार-न्हाई कुँई
टटकी कली चम्पे की, वगैरह, तो
नहीं कारण कि मेरा हृदय उथला या कि सूना है
या कि मेरा प्यार मैला है।

(ग) लीक पर वे चलें जिनके
चरण दुर्बल और हारे हैं,
हमें तो जो हमारी यात्रा से बने
ऐसे अनिर्मित पन्थ प्यारे हैं।

(घ) मखमल रमरम बल्लम तुरही
पगड़ी छत्र चंवर के साथ
तोप छुड़ाकर ढोल बजाकर
जय-जय कौन कराता है?

(ङ) हमारी जिन्दगी के दिन,
बड़े संघर्ष के दिन हैं!
इरादा कर चुके हैं हम,
प्रतिज्ञा आज करते हैं।
हिमालय और सागर में।
नया तूफान रचते हैं।

2. किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×3

(क) माखनलाल चतुर्वेदी के काव्य में निहित राष्ट्रीय भावना को स्पष्ट कीजिए।

(ख) अज्ञेय के काव्य के सामाजिक पक्ष पर प्रकाश डालिए।

(ग) धर्मवीर भारती की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(घ) नागार्जुन की जनवादी चेतना पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'कुरुक्षेत्र' के छठवें सर्ग का मूलभाव लिखिए।

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×9

(क) अज्ञेय का पूरा नाम लिखिए।

(ख) 'सतपुड़ा के जंगल' किसकी कविता है?

(ग) नागार्जुन की किसी एक कविता का नाम लिखिए।

(घ) 'एक भारतीय आत्मा' किस कवि को कहा गया है?

(ङ) स्नेहमयी चौधरी की किसी एक कविता का नाम लिखिए।

(च) केदारनाथ अग्रवाल किस धारा के कवि हैं?

(छ) धर्मवीर भारती के एक काव्य संग्रह का नाम लिखिए।

(ज) 'काठ की घंटियाँ' किसकी कविता है?

(झ) दिनकर के 'कुरुक्षेत्र' काव्य में कुल कितने सर्ग हैं?

---